प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से शिमला सहित प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीजन की पहली भारी बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। भारी बर्फबारी व वर्षा से प्रदेश में जनजीवन भी अस्त–व्यस्त हो गया है और तापमान में जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी से सड़क, बिजली व संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार प्रदेशभर में कुल 4 सौ 52 सड़कों सहित चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग यातायात के लिए बंद है। शिमला ज़िला में भी कई सड़कें अवरूद्ध हैं और ऊपरी शिमला का सम्पर्क राजधानी से कट गया है। वहीं भारी बर्फबारी के चलते शिमला शहर के अंदरूनी मार्ग भी यातायात के लिए ठप्प हैं। भारी बर्फबारी के कारण प्रदेश में 4 हज़ार 2 सौ 74 बिजली ट्रांसफार्मर भी बंद हैं। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों से अनावश्यक यात्रा से बचने और घरों व होटलों में रहने की अपील की है। इस बीच मौसम विभाग ने आज कई स्थानों पर भारी बर्फबारी व बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की संभावना जताई है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासन को प्रदेश के बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को तुरंत बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बर्फबारी से बाधित सड़कों को बहाल करने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मी और मशीनरी तैनात की जाए ताकि लोगों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत और जलापूर्ति योजनाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए भी ज़रूरी दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्षा और बर्फबारी से प्रदेश के किसानों व बागवानों को राहत मिली है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित पर्यटन व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्ड छूट

प्रदेश पुलिस के जवानों के लिए अब एच.आर.टी.सी बसों में सफर के लिए हिमबस कार्ड बनवाना अनिवार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस फैसले का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की यात्रा को आसान बनाना और उन पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस कर्मी अब अपने विभागीय आईडी कार्ड और मैनुअल पास दिखाकर राज्य पथ परिवहन निगम की बस में सफर कर सकेंगे और इन्हें ही वैध माना जाएगा।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश अंतर–राज्य युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस दूरदर्शी सोच का जीवंत उदाहरण है, जिसमें देश का युवा राष्ट्र निर्माण का सहभागी है। वे युवा भारत मंडी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सिकंदर कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को आपसी सांस्कृति आदान प्रदान के माध्यम से जोड़ना, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना और एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को धरातल पर उतारना है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की सांगटी–सन्होग पंचायत में एक करोड़ 14 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत सामुदायिक केन्द्र का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की बिजली, पेयजल और सड़क से संबंधित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

बसंत पंचमी

आज बसंत पंचमी है। ये पर्व बसंत ऋतु का स्वागत करने और देवी सरस्वती की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। यह ज्ञान, बुद्धि और नई शुरुआत का सम्मान करने वाला त्योहार है। बसंत पंचमी का त्योहार कुल्लू में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान रघुनाथजी की शोभा यात्रा निकाल कर उन्हें ढालपुर मैदान तक लाया गया जहां से उन्हें रथ पर बिठाकर उनके अस्थायी शिविर तक ले जाया गया। कुल्लू में बसंत पंचमी को भरत मिलाप के रूप में भी मनाया जाता है। दोपहर की पूजा के बाद भगवान रघुनाथजी को गुलाल चढ़ाया गया और आगामी 40 दिनों तक शाम की पूजा के समय ये क्रम जारी रहेगा और 40वें दिन होली का त्योहार मनाया जायेगा।